दैनिक भास्कर

ड्रग्स एडिक्टेड बच्चों में आत्मविश्वास लाने के लिए हुई कार्यशाला

सिटी रिपोर्टर। इनर व्हील क्लब ऑफ पटना सत्या, दानापुर की ओर से ड्रग्स एडिक्टेड बच्चों के बीच एक कार्यशाला का आयोजन दिशा केयर शेल्टर होम में किया गया। इसका उद्देश्य बच्चों में आंतरिक बल के विकास के साथ नशा से दूर रहने का आग्रह था। इसमें 40 बच्चों ने भाग लिया। कार्यशाला का संचालन सोलिफाई संस्था की स्मृति और सिद्धार्थ ने किया। बच्चों ने कार्यशाला में अपने विचार-व्यवहार पर कार्य किया। स्मृति ने कहा कि बच्चों को उनके अपने अनुभवों के आधार पर खुद के अंदर विश्वास जागृत करने दें। इसके बाद बच्चों ने 'नशा से मुक्ति' नाटक किया। साथ हीं बच्चों को शारीरिक और मानसिक रूप से सजग किया गया। समाज़ में मैत्री के महत्व, लड़के- लड़कियों का सम्मान, भावनाओं का ख्याल, सुरक्षित समाज में हमारा योगदान, समानता के अर्थ और अधिकार पर बातचीत हुई।